डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-383 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2024–25 दिनांकः–18 सितम्बर, 2024

# बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षा–2024 के लिये ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 21.10.2022 के निर्गत कार्यवृत्त पत्रांक सी.ओ.ई.–2186, दिनांक 02.11.2022 के बिन्दु संख्या–3 / 12 एवं परीक्षा समिति की 13वीं बैठक दिनाँक 12.04.2023 के निर्गत कार्यवृत्त पत्रांक–98, दिनाँक 18.04.2023 के बिन्दु संख्या–4 / 13 एवं 9 / 13 में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में शैक्षणिक सत्र–2023–24 के बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षाओं के आयोजन हेतु निम्नानुसार ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1) **बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षा 2024**– परीक्षा विनियमन–2020 के बिन्दु संख्या–5 में वर्णित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की सम अधिसत्र (माह मई, 2024 के अन्तर्गत) आयोजित परीक्षा 2024 हेतु अर्ह / पात्र विद्यार्थियों की **बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षा** एवं संबंधित अधिसत्रों में विभागान्तर्गत छूटी हुई अथवा अनुत्तीर्ण प्रायोगिक / मौखिकी एवं आन्तरिक परीक्षाओं (मिड एसाइनमेण्ट, प्रजेन्टेशन आदि) को बैक पेपर के अन्तर्गत सम्पन्न कराये जाने के संबंध में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति के उपरोक्त बिन्दु संख्या–03 / 12 में लिये गये निर्णय के अधीन **बैक पेपर परीक्षा, 2024** सम्पन्न कराया जाना है।

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले एवं अध्ययनरत् अभ्यर्थियों के साथ ऐसी कोई स्थिति बनती है, जिसमें उनके सम अधिसत्र के साथ अथवा पूर्व के सम अधिसत्रों / वार्षिकी के कोई भी बैक पेपर शेष बचते हैं, तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थियों के समस्त पूर्व के सम अधिसत्रों के शेष समस्त **बैक पेपर परीक्षा, 2024** के अन्तर्गत कराया जाना है।

2) उपरोक्तानुसार **बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षा–2024** हेतु निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें–

**2.1)** उपरोक्तानुसार **बैक पेपर (सम अधिसत्रं / वार्षिकी) परीक्षा, 2024** हेतु परीक्षा की विभिन्न विधाओं में निम्नानुसार निर्धारित शुल्क को विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशानुसार आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | थ्योरी पेपर | रू0 500 / –प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 2. | प्रायोगिक परीक्षा हेतु | रू0 1000 / –प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 3. | आंतरिक परीक्षा (मिड सेमेस्टर, एसाइन्मेण्ट / प्रजेन्टेशन, प्रोजेक्ट, मौखिकी आदि) ***आन्तरिक परीक्षा के अन्तर्गत मिड सेमेस्टर एवं एसाइन्मेण्ट / प्रेजेण्टेशन दोनों में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।** | रू0 500 / –प्रति प्रश्न–पत्र। |

**2.2)** विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 19.09.2024 से दिनांक 26.09.2024 तक ऑन–लाइन आवेदन भर सकते हैं।**

**2.3)** उपर्युक्तानुसार **बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षा, 2024** के लिये पूर्व में दिये गये किसी भी प्रकार के शुल्क को उक्त परीक्षा शुल्क में समायोजित नहीं किया जायेगा, अर्थात निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। ऑन–लाइन आवेदन–पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क को संबंधित खाता संख्या में जमा किये बिना उक्त परीक्षा में प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबधित विद्यार्थी / विभाग / संबंधित सम्बद्ध संस्थान की होगी।

**2.4)** **बैक पेपर (सम अधिसत्र / वार्षिकी) परीक्षा, 2024** हेतु परीक्षा की विभिन्न विधाओं में बिन्दु संख्या–02 के अनुसार निर्धारित शुल्क को परीक्षा–आवेदन के साथ निम्नानुसार जमा करना अनिवार्य होगा तथा जमा किया गया परीक्षा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा और न ही आगे किसी परीक्षा में समायोजित किया जायेगा :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों (जिन पर लागू हो) **(बी0टेक को छोड़कर)** | बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100000003 (IFSC-BARB0MOHAAN) में** RTGS/NEFT **एवं विभाग से प्राप्त चालान के माध्यम से जमा करेंगे।** |
| 2 | विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के विद्यार्थी **(बी.टेक. पाठ्यक्रम हेतु)** | बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या–**36510100007893 (IFSC-BARB0MOHAAN) में विभाग से प्राप्त चालान के माध्यम से जमा करेंगे।** |
| 3 | विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान संस्थान के विद्यार्थी **(डी–फार्मा व बी–फार्मा पाठ्यक्रम हेतु)** | बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या–36510200000287 (**IFSC-BARB0MOHAAN**) **में विभाग से प्राप्त चालान के माध्यम से जमा करेंगे।** |

**क्रमशः.....2**

2.5) ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन में समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0**–9667277184/Email-dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करेंगे।

3) उपरोक्त व्यवस्थानुसार निर्धारित समयावधि में परीक्षा आवेदन में सही एवं स्पष्ट सूचना/विवरण अंकित करते हुए उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ जिन प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण होने के कारण बैक पेपर भरा गया है, उससे संबंधित निर्गत की गई अंक–तालिका तथा जमा किये गये निर्धारित शुल्क के संगत अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुए संबंधित विभाग/संस्था में जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखेंगे। परीक्षा शुल्क सहित आवेदन को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी। साथ ही उक्त आवेदन के साथ जमा किये गये शुल्क को किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

4) <u>ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश</u> :–

7. 30-50 KBसाइज की स्कैण्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
8. 10-30 KB साइज की स्कैण्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी अभिलेख की स्कैण्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैण्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tifमें।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैण्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KBसाइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KBसाइज में।

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-383/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2024–25 दिनांकः– 18 सितम्बर, 2024

<u>प्रतिलिपिः</u>–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से उक्त परीक्षा हेतु नियमानुसार अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, लखनऊ।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. कोर्स–कोआडिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि उक्त परीक्षा हेतु नियमानुसार अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को अपने स्तर से निर्देशित करने करें, तदोपरांत अर्ह/पात्र विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित, को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण शुल्क सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 28.09.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
9. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि उक्त परीक्षा हेतु अर्ह/पात्र विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित, को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण शुल्क सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 28.09.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
10. प्रतिनिधि सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
11. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक